खबर संक्षेप

## डॉ. बलबीर बने रिटायर्ड प्रिंसीपल और शिक्षक एसोसिएशन के अध्यक्ष



**यमुनानगर।** रिटायर्ड कालेज प्रिंसीपल एंड टीचर्स एसोसिएशन हरियाणा के सदस्यों की शहर में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रांतीय प्रधान डॉ. अमर सिंह मल्होत्रा ने की। एसोसिएशन के वरिष्ठ सदस्य योगेश कुमार ने बताया कि एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी में केएलपी कालेज रेवाड़ी के डॉ. एलएस यादव को संरक्षक बनाया गया है। वहीं, गुरु नानक खालसा कालेज यमुनानगर के सेवानिवृत प्रिंसीपल डॉ. बलबीर सिंह को प्रधान नियुक्त किया गया है। डॉ. एमएस खांची को उप प्रधान, डॉ. आरके अवस्थी को महासचिव, डॉ. सुखवंत सिंह को वित्त सचिव, डॉ. अनिरुद्ध भारती को प्रेस सचिव व डॉ. अमर सिंह मल्होत्रा को लीगल एडवाइजर नियुक्त किया गया है।

## पानीपत में भव्य होगा हनुमान जन्मोत्सव

**पानीपत।** श्री हनुमान जन्मोत्सव पर दो अप्रैल को प्राचीन सिद्ध श्रीदेवी मंदिर के प्रांगण से भव्य शोभायात्रा का शुभारंभ किया जाएगा। यह यात्रा श्री हनुमान जन्मोत्सव समिति एवं श्री हनुमान जन्मोत्सव अवध धाम समिति के संयुक्त तत्वावधान में निकाली जा रही है। दोनों शोभायात्रा श्रीदेवी मंदिर से प्रारंभ होंगी। एक यात्रा का समापन अवध धाम मंदिर कुटानी रोड पर होगा जबकि दूसरी शोभायात्रा का समापन सनौली रोड स्थित काशी गिरी मंदिर में किया जाएगा। इस अवसर पर श्री सनातन धर्म संगठन के प्रधान कृष्ण रेवड़ी, हनुमान जन्मोत्सव समिति के पदाधिकारी विकास गोयल, सतबीर गोयल, अवध धाम समिति के पदाधिकारी वेद पाराशर, पार्षद सुरेंद्र गर्गशामिल रहे।

## महर्षि दयानंद गुरुकुल में मेधावी छात्र पुरस्कृत

**पानीपत।** आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की प्राइमरी विंग महर्षि दयानंद बाल गुरुकुल में मंगलवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। वहीं सम्मान समारोह का भी आयोजन किया गया। जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के प्रधान भारत भूषण ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले तथा अन्य होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित किया। प्राचार्य मनीष घणघस ने भी विद्यार्थियों को निरंतर मेहनत करने और शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

## अच्छे संस्कार व विचार ही जीवन की पूंजीः साध्वी

**पानीपत।** जिस प्रकार बारिश नहीं होने से फ़सलें ख़राब हो जाती है, ऐसे ही जिस घर में शिक्षा और संस्कार न हो वहां की नस्ले ख़राब हो जाती है, यह बात बिलकुल सत्य हैं, बच्चों को उपहार न दिया जाए वो कुछ समय के लिए रोएगा अगर संस्कार ना दिए जाए तो जीवन भर रोएगा। बचपन में दिए गए संस्कार ही इंसान के व्यक्तित्व का निर्माण करते हैं हर चीज़ की नक़ल हो सकती है, जबकि चरित्र संस्कार की नक़ल नहीं हो सकतीं। उपरोक्त बातें दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के आश्रम में आयोजित संस्कारशाला में बच्चों को खेलों और विचारों के माध्यम से जागरूक किया।

### नागरिकों के बैठने की व्यवस्था व साफ-सफाई पर दिया विशेष जोर

# मेयर ने जगाधरी निगम कार्यालय का किया निरीक्षण, मरम्मत के दिए निर्देश

शहीद भगत सिंह चौक स्थित निगम कार्यालय व कन्हैया साहिब चौक स्थित दूसरे निगम कार्यालय में होगी शहर के सभी पार्षदों की बैठने की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

नगर निगम के वार्ड एक से सात तक के पार्षदों के बैठने की व्यवस्था जगाधरी नगर निगम कार्यालय में होगी। इसके अलावा वार्ड 8 से 15 के पार्षदों की बैठने का इंतजाम शहीद भगत सिंह चौक स्थित मुख्य निगम कार्यालय और वार्ड 16 से 22 के पार्षदों की बैठने की व्यवस्था कन्हैया साहिब चौक स्थित नगर निगम कार्यालय में होगी। मेयर सुमन बहमनी ने पार्षद रीना रस्तोगी, पार्षद जयंत स्वामी, पार्षद भानू प्रताप, मुख्य सफाई, निरीक्षक हरजीत सिंहए सहायक अभियंता मुनेश्वर भारद्वाज सहित अन्य अधिकारियों के साथ जगाधरी नगर निगम कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय में पार्षदों के बैठने के लिए जगह चयनित की और अधिकारियों को जल्द से जल्द वहां पार्षदों के बैठने के पर्याप्त इंतजाम करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मेयर ने कार्यालय की सफाई व्यवस्थाए कर्मचारियों और आम नागरिकों के बैठने की सुविधा को गंभीरता से परखा। उन्होंने निगम कार्यालय की टैक्स ब्रांच, सफाई शाखा, नागरिक सुविधा केंद्रए जन्म.मृत्यु प्रमाणपत्र शाखा तथा विवाह पंजीकरण शाखा समेत विभिन्न विभागों का दौरा कर वहां की कार्यप्रणाली और सुविधाओं की स्थिति देखी। उन्होंने शाखाओं में आने वाले नागरिकों के लिए बेहतर बैठने की व्यवस्था और साफ-सफाई बनाए रखने पर विशेष जोर दिया।

मेयर सुमन बहमनी ने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों से कहा कि निगम कार्यालय में जनता और जनप्रतिनिधियों दोनों के लिए सुविधाजनक माहौल होना चाहिएए ताकि लोग अपने कार्यों के लिए आने पर किसी प्रकार की असुविधा महसूस न करें। उन्होंने पार्षदों के लिए अलग से बैठने की व्यवस्था करने के निर्देश देते हुए कहा कि इससे जनप्रतिनिधि अपने क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को बेहतर तरीके से सुन सकेंगे और उनका समाधान भी तेजी से हो सकेगा। अधिकारियों ने मेयर को आश्वस्त किया कि पार्षदों के बैठने की व्यवस्था एक सप्ताह के भीतर निगम कार्यालय के अंदर कर दी जाएगी। इसके साथ ही कार्यालय भवन की मरम्मत के लिए एस्टीमेट भी तैयार कर लिया गया हैए जिस पर जल्द ही कार्य शुरू कराया जाएगा।



**यमुनानगर।** निगम कार्यालय का निरीक्षण करती मेयर सुमन बहमनी।

### निगम कार्यालय समाधान का प्रमुख केंद्र

मेयर ने कहा कि नगर निगम कार्यालय शहरवासियों की समस्याओं के समाधान का प्रमुख केंद्र है, इसलिए यहां मूलभूत सुविधाओं का बेहतर होना जरूरी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मरम्मत कार्य और बैठने की व्यवस्था में किसी प्रकार की देरी न होए ताकि निगम कार्यालय आने वाले लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। मेयर ने सभी कर्मचारियों को कड़े निर्देश दिए कि जनहित कार्यों को लेकर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसलिए जनहित के कार्यों के मद्देनजर सभी अधिकारी और कर्मचारी निर्धारित समय पर कार्यालय पहुंचे और लोगों के कार्य निर्धारित समय से पहले करे।

# जिले में पेट्रोल, डीजल व एलपीजी हैं पर्याप्त : डीसी

- उपायुक्त ने जिलेवासियों को अफवाहों से बचने के लिए किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज. यमुनानगर



**यमुनानगर।** कार्यालय में जिले में उपलब्ध एलपीजी की जानकारी देते हुए उपायुक्त प्रीति।

वर्तमान में यमुनानगर जिले में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी गैस की कोई कमी नहीं है। लोगों को अफवाहों पर ध्यान नहीं देना चाहिए। उक्त शब्द उपायुक्त प्रीति ने जिलेवासियों को आहवान करते हुए कहे।

उपायुक्त प्रीति ने बताया कि वर्तमान में जिले में पेट्रोल, डीजल एवं एलपीजी गैस की कोई कमी नहीं है। पेट्रोल, डीजल तथा एलपीजी गैस पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। इसलिए किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान नहीं दें और घबराहट की स्थिति उत्पन्न न करें। उन्होंने सभी नागरिकों से अधिक से अधिक पीएनएजी गैस का उपयोग करने की अपील की। साथ ही जिलेवासियों को वैकल्पिक तौर पर इंडक्शन चूल्हा व सोलर कुकिंग सिस्टम का अधिक से अधिक प्रयोग करने की सलाह दी। ताकि एलपीजी पर दबाव कम किया जा सके और सभी उपभोक्ताओं को सुचारू रूप से आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। नए गैस सिलेंडर की बुकिंग स्वीकार होने के पश्चात दो से तीन दिन के भीतर घरेलू गैस सिलेंडर की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। उपायुक्त प्रीति ने आम जनता से अनुरोध किया है कि वे अपनी आवश्यकता के अनुसार ही गैस बुक करें। गैस एजेंसियों पर अनावश्यक भीड़ न लगाएं तथा गैस एजेंसी वितरकों पर गैस प्राप्त करने के लिए किसी प्रकार का दबाव न बनाएं। उन्होंने बताया कि आम जनता की सुविधा के लिए उपायुक्त कार्यालय यमुना नगर में एक कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। शिकायतों के निवारण या जानकारी के लिए कन्ट्रोल रूम के दूरभाष नंबर 01732-237800 पर सुबह आठ बजे से शाम छह बजे तक सम्पर्क किया जा सकता है। कन्ट्रोल रूम में जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियन्त्रक कार्यालय के कर्मचारी की ड्यूटी शिकायतों के त्वरित निवारण हेतु लगा दी गई है। उन्होंने कहा कि जिले में किसी भी आमजन को पट्रोल-डीजल व एलपीजी गैस की उपलब्धता के लिए सभी जरूरी प्रबंध जिला प्रशासन की ओर से कर दिए गए है। वहीं, दूसरी ओर जिला प्रशासन गैस सिलेंडर व पेट्रोल डीजल की कालाबाजारी करने पर भी सख्त निगरानी रखे हुए। ऐसे करने वाले पर सख्त कार्रवाई के आदेश है।

# स्वच्छ सर्वेक्षण में अव्वल आने के लिए शहर को सुंदर और स्वच्छ रखना जरूरीः हरजीत

- शहर के जिंदल पार्क में नुक्कड़ नाटक करके लोगों को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

नगर निगम यमुनानगर जगाधरी द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 को लेकर ओपी जिंदल पार्क में नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर लोगों को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से शहर के लोगों को स्वच्छता अपनाने, कचरा पृथक्करण करने और सिंगल यूज प्लास्टिक से दूर रहने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में निगम के मुख्य सफाई निरीक्षक हरजीत सिंह ने भाग लिया। जबकि विशिष्ठ अतिथि के रुप में स्वच्छ भारत मिशन शङरी के एक्सपर्ट दुर्गेश कुमार मौजूद रहे।

मुख्यातिथि एवं मुख्य सफाई निरीक्षक हरजीत सिंह ने कहा कि हमें अपने आसपास साफ सफाई करके वातावरण को स्वच्छ रखना जरुरी है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल नगर निगम की जिम्मेदारी नहीं है। बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। यदि प्रत्येक नागरिक अपने घर से कचरे का पृथक्करण कर नगर निगम की डोर.टू.डोर गाड़ी में ही कचरा डाले और सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग बंद करे तो शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सकता है। उन्होंने शहरवासियों से सभी लोग मिलकर स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में यमुनानगर जगाधरी को नंबर वन बनाने में अपना योगदान देने की अपील की। मौके पर टीम द्वारा नुक्कड़ नाटक आयोजन किया गया। जिसके माध्यम से कलाकारों ने लोगों को कचरा इधर उधर न फेंकने, घरों से निकलने वाले सूखे और गीले कचरे को अलग अलग रखने, पांच प्रकार के डस्ट बिन सेग्रीगेशन अपनाने तथा सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल बंद करने के लिए प्रेरित किया। टीम सदस्यों के सशक्त अभिनय और संवादों ने लोगों पर गहरा प्रभाव छोड़ा। बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने इस प्रस्तुति को सराहा और स्वच्छता के संदेश को अपनाने का संकल्प लिया।



**यमुनानगर।** कलाकार प्रमाण पत्र से सम्मानित होने पर खुशी जताते हुए।

# मंडी रादौर आढ़तियों के हितों के लिए गठित की ग्यारह सदस्यीय कमेटी

- आढ़तियों की समस्याओं को एक मंच पर उठाने के लिए बनाई कमेटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

अनाजमंडी रादौर में आढ़तियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आढ़तियों हितों की सुरक्षा के लिए ग्यारह सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया। इस दौरान बैठक में अनाज मंडी रादौर की एक आढ़ती एसोसिएशन का गठन करने पर भी विचार किया गया।

रादौर अनाज मंडी के आढ़ती संदीप टोपरा ने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से 11 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया। जिसमें राजपाल सिंह खरकाली, संदीप टोपरा, बंसी सैनी, सुभाष कांबोज जयपुर, मास्टर निरंजन सिंह, आशु आहूजा, आयुष गुप्ता, शिवकुमार संधाला, प्रवीण गुप्ता, पूर्ण आहूजा व रामकुमार झगुडी को शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि यह कमेटी मंडी के आढ़तियों के हितों को ध्यान में रखते हुए उन्हें एक सूत्र में पिरोने का काम करेगी। संदीप टोपरा ने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से अनाज मंडी में एक एसोसिएशन बनाए जाने पर भी सभी ने जोर दिया। जिससे आढ़तियों की मांगों व समस्याओं को एक मंच से उठाया जा सके। इस अवसर पर मंडी के पूर्व प्रधान संजय गुप्ता, संजय बकाना, आशु सांगवान, लाभ सिंह, पवन गर्ग, अभिषेक आहुजा, कर्मचंद, बलिंद्र ढिल्लो, मुनीष खुर्दबन, दिलावर सिंह सुरा व रमेश कांबोज पलाका आदि मौजूद रहे।



**रादौर।** अनाज मंडी में आयोजित बैठक में भाग लेते हुए आढ़ती। *फोटो : हरिभूमि*



**रादौर।** आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते शिक्षक।

### न्यू राइजिंग स्टार स्कूल में हुआ शिक्षक प्रशिक्षण सत्र

**रादौर।** न्यू राइजिंग स्टार हाई स्कूल मंडोली में मंगलवार को शिक्षक प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दिल्ली से आए प्रसिद्ध शिक्षा विशेषज्ञ प्रिंस विक्टर ने शिक्षकों को शिक्षा पद्धति को लेकर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सत्र का उद्देश्य शिक्षण पद्धतियों को बढ़ाना, शिक्षा में उत्कृष्टता को बढ़ावा देना, शिक्षकों को छात्रों को आकर्षित करने के लिए नवीन रणनीतियों से लैस करना था। अध्यक्ष रामदीप सिंह व प्रिंसिपल हरमनदीप कौर ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए छात्रों के भविष्य को आकार देने में उनकी भूमिका के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कर्मचारियों को नवाचारए समर्पणए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रिंस विक्टर ने शिक्षकों की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे इस क्षेत्र के सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों में से एक हैं और स्कूल अपने छात्रों को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान कर रहा है। उन्होंने स्कूल के प्रयासों की सराहना की और शिक्षकों को अपने अच्छे काम को जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया।

## मजदूरों व किसानों के मसीहा थे ओमप्रकाश जिंदल : खेड़की

**रादौर।** भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा कस्बा रादौर में मंगलवार को प्रदेश के पूर्व ऊर्जा मंत्री स्वर्गीय ओमप्रकाश जिंदल की 21वीं पुण्यतिथि मनाई गई। मौके पर मुख्य रूप से ब्लॉक सरपंच एसोसिएशन के प्रधान व पैक्स केंद्र बापौली के चेयरमैन पम्मी खेड़की मुख्य रूप से मौजूद रहे। उनके नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पूर्व मंत्री स्वर्गीय ओमप्रकाश जिंदल के चित्र पर फूल मालाएं अर्पित कर अपनी श्रंद्धासुमन भेंट की। इस अवसर पर पम्मी खेड़की ने कहा कि स्वर्गीय ओमप्रकाश जिंदल गरीबों के सच्चे मसीहा थे। जिनका जीवन गरीबों की भलाई में बीता। उन्होंने गरीब, मजदूर, किसान हित में संघर्ष किया। हरियाणा के विकास में उनके द्वारा दिए गए योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकेगा। आज उनके



**रादौर।** सेवानिवृत्त अमरजीत सिंह को सम्मानित करते स्टाफ सदस्य।

## डाक विभाग में 42वर्षों की सेवा के उपरांत एमटीएस में कार्यरत अमरजीत हुए सेवानिवृत

**रादौर।** डाक विभाग में एमटीएस चतुर्थ श्रेणी में कार्यरत अमरजीत सिंह 42 वर्षो की सेवा के उपरांत मंगलवार को सेवानिवृत्त हो गए। विभाग के कर्मचारियों ने सेवानिवृत्त कर्मचारी अमरजीत सिंह के सम्मान में एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पोस्टमास्टर दिनेश सैनी ने सेवानिवृत्त कर्मचारी अमरजीत सिंह को फुलमालाएं पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर पोस्टमास्टर दिनेश सैनी ने कहा कि अमरजीत सिंह ने अपनी सेवाओं को ईमानदारी व लग्न से विभाग को दिया है। अमरजीत सिंह विभाग का एक सच्चा व ईमानदार कर्मचारी है। उन्होंने अमरजीत सिंह के स्वस्थ जीवन व लंबी आयु की कामना की। इस अवसर पर संजीव बापा, संदीप कुमार, पंकज, राजकुमार प्रजापत, संदीप सैनी रादौर, सलिंद्र कुमार, आरजू कांबोज, रोहित, मन्नू गाबा आदि मौजूद रहे।

### स्वराज स्कूल में नन्हे-मुन्नों मनाया स्नातक दिवस

**रादौर।** स्वराज पब्लिक स्कूल में यूकेजी कक्षा के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों का स्नातक दिवस मनाया गया। विद्यालय में वार्षिक परीक्षा का परिणाम भी घोषित किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य पूजा जॉली कालरा मुख्य रूप से मौजूद रही। स्नातक समारोह के दौरान यूकेजी विद्यार्थियों को स्नातक टोपी एवं पोशाक पहनाकर प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। वहीं सभी कक्षाओं के वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किए गए तथा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। यह अवसर बच्चों और उनके अभिभावकों के लिए अत्यंत गर्व और खुशी का क्षण रहा। प्राचार्य ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। अभिभावकों व शिक्षकों के सहयोग की सराहना की।



**रादौर।** मेधावी बच्चों को सम्मानित करते स्टाफ सदस्य।

# कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर लोगों से की जा रही साइबर ठगीः एसपी गोयल

- पुलिस अधीक्षक गोयल ने साइबर धोखाधड़ी पर जारी की एडवाइजरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



**यमुनानगर।** एडवाइजरी की जानकारी देते एसपी गोयल। *फोटो : हरिभूमि*

क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर साइबर ठग लोगों के साथ ठगी करने लगे हैं। जिसे देखते हुए पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने साइबर धोखाधड़ी से आमजन को सावधान रहने के लिए साइबर एडवाइजरी जारी की है।

पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने बताया कि वर्तमान समय में साइबर अपराधी स्वयं को बैंक कर्मचारी या कस्टमर केयर अधिकारी बताकर फोन कॉल, मैसेज या ई.मेल के माध्यम से लोगों को ठगने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि साइबर ठग लोगों को यह झांसा देते हैं कि उनके क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाई जा रही है अथवा कार्ड पर विशेष ऑफर उपलब्ध है । इसके बाद वे ओटीपी, कार्ड नंबर, सीवीवी नंबर, एक्सपायरी डेट या इंटरनेट बैंकिंग विवरण मांगते हैं। जैसे ही कोई व्यक्ति यह जानकारी सांझा करता है तो ठग तुरंत खाते से अवैध लेन देन कर रकम निकाल लेते हैं। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि कोई भी बैंक या वित्तीय संस्था कभी भी फोन कॉल, मैसेज या ई.मेल के माध्यम से ओटीपी, सीवीवी या गोपनीय जानकारी नहीं मांगती है।

### साइबर ठगी से बचाव पर यह बरतें सावधानियां

पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने आमजन को साइबर ठगी से बचने के लिए आहवान किया है कि वह अनजान कॉल पर खुद को बैंक अधिकारी बताने वालों की बातों में न आएं, किसी भी व्यक्ति को ओटीपी, सीवीवी, पिन, पासवर्ड या कार्ड विवरण सांझा न करें। इसके अलावा क्रेडिट कार्ड लिमिट बढ़ाने या ऑफर से संबंधित जानकारी केवल बैंक की आधिकारिक शाखा या अधिकृत ऐप,वेबसाइट से ही सत्यापित करें।

### खालसा साजना दिवस पर हुआ तीन दिवसीय गुरमत कथा समागम

# सेवा व गुरबाणी से जुड़ना ही सफलता का मंत्रः चाकर

कथा विचार समागम के दूसरे दिन ज्ञानी जसबीर सिंह चाकर ने संगत को गुरमत विचारों से जोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा गुरु अर्जुन नगर जगाधरी में खालसा साजना दिवस को समर्पित आयोजित किए जा रहे तीन दिवसीय विशाल गुरमत कथा विचार समागम के दूसरे दिन दीवान बड़ी श्रद्धा, उत्साह और धार्मिक वातावरण में सजाए गए। इस दौरान श्रद्धालुओं ने गुरु घर में मत्था टेककर गुरबाणी कथा का आनंद प्राप्त किया।

दीवान की शुरुआत हजूरी रागी भाई मोहन सिंह और भाई अकासदीप सिंह के कीर्तन जत्थे द्वारा मधुर कीर्तन से हुई। कथावाचक ज्ञानी भाई जसबीर सिंह चाकर ने दूसरे दिन की कथा के दौरान संगत को गुरमत जीवन के महत्वपूर्ण पहलुओं से जोड़ते हुए नाम सिमरन, सेवा और साध संगत की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मानव जीवन की वास्तविक सफलता गुरु की शरण में रहकर गुरबाणी के अनुसार जीवन व्यतीत करने में है। यदि मनुष्य अपने जीवन में गुरबाणी को अपनाता है तो उसका जीवन सफल और सुखमय बन सकता है।



**यमुनानगर।** गुरुद्वारा श्री सिंह सभा में कथा करते जसबीर सिंह चाकर।

### युवाओं को समझाया सिखी मर्यादा का महत्व

कथाव्यास ज्ञानी चाकर ने युवाओं को समझाया कि नई पीढ़ी को गुरबाणी, सिख इतिहास और सिखी मर्यादा से जुड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि युवा अपनी विरासत और धर्म से जुड़े रहेंगे तो वे न केवल अपने जीवन में सफल होंगे। बल्कि समाज को भी सही दिशा दे सकेंगे। उन्होंने कहा कि निःस्वार्थ सेवा सिख धर्म की पहचान है और हर व्यक्ति को अपनी क्षमता के अनुसार सेवा जरूर करनी चाहिए। सेवा करने से मन को शांति मिलती है और मनुष्य गुरु की कृपा का पात्र बनता है। मौके पर गुरमत प्रतियोगिताएं भी करवाई गई। इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य नई पीढ़ी को गुरबाणी, सिख इतिहास और सिखी से जोड़ना है। इसके अलावा गुरु का लंगर अटूट रूप से चलता रहा। जिसमें संगत ने बढ़ चढ़कर सेवा निभाई।

# मंडियों और खरीद केन्द्रों पर गेहूं खरीद कार्य आज से

**खबर संक्षेप**



## धर्मक्षेत्र में गूंजा गिरिराज पूजन का दिव्य प्रसंग

**कुरुक्षेत्र।** धर्मनगरी के पावन ब्रह्म सरोवर तट के समीप चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दौरान गिरिराज पूजन का अत्यंत भक्तिमय और प्रेरणादायक वर्णन किया गया। कथा स्थल पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरा वातावरण भक्ति, उत्साह और श्रद्धा से सराबोर हो गया। कथा वाचिका सुमन जाजू ने गिरिराज पूजन का प्रसंग सुनाते हुए बताया। उन्होंने भावपूर्ण शब्दों में वर्णन किया कि जब इंद्र देव ने क्रोधित होकर भारी वर्षा की, तब श्रीकृष्ण ने अपनी छोटी उंगली पर गोवर्धन पर्वत उठाकर समस्त ब्रजवासियों की रक्षा की।

## नारायण प्रतिभा खोज परीक्षा का परिणाम घोषित

**कुरुक्षेत्र।** विद्या भारती द्वारा आयोजित नारायण प्रतिभा खोज परीक्षा का परिणाम लज्जाराम तोमर भवन कुरुक्षेत्र में घोषित किया गया। उत्तर क्षेत्र के पांच प्रांत हरियाणा, पंजाब, जम्मू, हिमाचल प्रदेश तथा दिल्ली से विद्या भारती और अन्य विद्यालयों के कुल 333 विद्यालयों से कुल 30881 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 5100 रुपये की नकद राशि प्रदान की जाएगी। क्षेत्रीय संयोजिका सुमन बाला ने नारायण प्रतिभा खोज परीक्षा के बारे में जानकारी दी। विद्या भारती उत्तर क्षेत्र के महामंत्री दिलाराम चौहान ने परीक्षा परिणाम घोषित किया। उसके बाद सभी प्रांतों के महामंत्री ने अपने अपने प्रांत के परीक्षा परिणाम की घोषणा की। परीक्षा परिणाम में गीता विद्या मंदिर गोहाना के कक्षा चतुर्थ के नैतिक ने 150 में से 143 अंक लेकर, पंचम कक्षा के मानवी व दीपांशी ने 142 अंक लेकर, छठी कक्षा के गर्वित सिंगला ने 200 में से 188 अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

- मंडियों और खरीद केन्द्रों के अनुसार नियुक्त किए नोडल अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

राज्य सरकार के आदेशानुसार कुरुक्षेत्र में 1 अप्रैल से गेहूं खरीद कार्य को सुचारू रूप से शुरू कर दिया जाएगा। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि इस सीजन में गेहूं खरीद कार्य, उठान, भंडारण व अन्य व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के लिए नोडल अधिकारियों की नजर रहेगी। इन नोडल अधिकारियों के साथ-साथ मार्किट कमेटी के सचिव, निरीक्षक के साथ-साथ अन्य अधिकारियों की भी ड्यूटी रहेगी। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने मंगलवार को अधिकारियों को खरीद कार्य को लेकर कुछ आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि व्यवस्थाओं और गेहूं खरीद कार्य को सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए नोडल अधिकारी, परिवहन प्रबंधक व कष्ट निवारण समिति नियुक्त की है। इसके लिए पिपली मंडी हेतु एडीसी विवेक आर्य, कुरुक्षेत्र, अमीन, किरमच, बारना व लुखी के लिए एसडीएम अमन कुमार, पिहोवा, एक्सटेंशन मंडी पिहोवा, गुमथला गढ़ू व थाना के लिए एसडीएम पिहोवा अनिल कुमार दून, भौर सैयदा के लिए नायब तहसीलदार सागर मल को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।



**कुरुक्षेत्र।** बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा।

### मंडियों में परिवहन व्यवस्था पर विशेष फोकस

उपायुक्त ने कहा कि बोधनी, कराह साहब, नीमवाला व ईशाक के लिए तहसीलदार पूनम सोलंकी, इस्माईलाबाद, मलिकपुर व ठोल के लिए नायब तहसीलदार बलविन्द्र, झांसा, अजराना कला व शाहबाद के लिए सीईओ जिला परिषद शम्भू राठी, नलवी, चढुनी जाटान के लिए तहसीलदार नवनीत, लाडवा व बाबैन मंडी के लिए एसडीएम लाडवा अनुभव मेहता व नायब तहसीलदार गीता राम को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। इन सभी नोडल अधिकारियों के साथ 5 से 10 अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने कहा कि मंडियों में उठान व परिवहन व्यवस्था पर विशेष फोकस रखा जाएगा। ट्रकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए और जीपीएस ट्रैकर भी लगा होना चाहिए। इसके साथ ही समन्वय के लिए ठेकेदारों के साथ नियमित बैठक की जाए और दैनिक कार्य पर निगरानी रखी जाए। सीसीटीवी, बायोमेट्रिक एवं एंट्री व एग्जिट सिस्टम की निगरानी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि अधिकारी भंडारण की व्यवस्था, स्टाफ की उपलब्धता, फोटो व वाहन विवरण, बायोमीट्रिक सिस्टम, कंप्यूटर सिस्टम सहित अन्य व्यवस्थाओं पर भी निगरानी रखी जाए।

**थानेसर अनाज मंडी**



### 5 सदस्यीय कमेटी गठित

समस्याओं का निवारण करने के लिए 5 सदस्यीय कमेटी गठित उपायुक्त ने कहा कि मंडियों में किसी भी प्रकार की समस्या का निवारण करने के लिए 5 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है। इसमें डीएमईओ राजीव चौधरी, एचएसएएमवी के कार्यकारी अभियंता सतीश कुमार, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक, डीएम हैफेड शमशेर सिंह, डीएफएससी नरेश कुमार को शामिल किया गया है।

## दुकानदार और आमजन को हो रही परेशानी, प्रशासन मौन

# शहर में पार्किंग होने के बावजूद बनी रहती है जाम की स्थिति

*खराब ट्रैफिक सिग्नल से मुख्य चौक पर बनती खराब स्थिति*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

शहर के मेन बाजार में वाहनों के कारण हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है, शहर में बाहर से आने वाले लोगों के साथ- साथ स्थानीय लोग भी अपने वाहनों को पार्किंग में खड़ा न करके दुकानों के आगे व सड़क पर खड़ा कर देते है। जिससे आने जाने वाले आम लोगों के अलावा दुकानदारों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। जिससे दुकानदारों का प्रशासन के प्रति गहरा रोष व्याप्त है। उल्लेखनीय हैं कि नगरपालिका द्वारा एक कुरुक्षेत्र रोड़ नगर पालिका कार्यालय के नजदीक व दूसरी सरस्वती व गुरुद्वारा रोड पर पार्किंग की निशुल्क व्यवस्था की गई है। फिर भी लोग अपने वाहनों को पार्किंग में खड़े ना करके सड़क किनारे व दुकानों के आगे खड़े कर देते हैं। जिससे दुकानदारों व वाहन चालकों के बीच हर समय झगडे होते रहते हैं। खासकर मेन बाजार, परशुराम चौक से सरस्वती की ओर रोड, गुरुद्वारा रोड और बस स्टैंड के आसपास लोग अपनी गाड़ियां सड़क किनारे खड़ी करके अपने काम के लिए चले जाते हैं, जिससे बाजार व सड़क पर भीड़ होने के कारण वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं। सुबह से लेकर देर शाम तक यहां जाम की स्थिति बनी रहती है। राहगीरों और वाहन चालकों को काफी देर तक इंतजार करना पड़ता है, वहीं कई बार आपातकालीन सेवाएं भी इस जाम में फंस जाती हैं। दुकानदारों का कहना है कि हर रोज जाम की वजह से ग्राहकों को दुकान तक पहुंचने में दिक्कत होती है। कई लोग तो जाम देखकर वापस लौट जाते हैं, जिससे कारोबार प्रभावित हो रहे है। महेश कुमार, दलबीर, गुरनाम, सतनाम, बलदेव सिंह सहित अनेक लोगों ने बताया कि कई बार सड़क पार करना भी मुश्किल हो जाता है। बच्चों और बुजुर्गों के लिए यह जगह काफी खतरनाक बन गई है।



**पिहोवा।** शहर के मेन चौक से सरस्वती रोड़ के दोनों तरफ अवैध रूप से खड़ी गाडियां व मेन चौक पर लगा जाम।

### क्या कहते हैं नपा चेयरमैन

जब इस बारे नगरपालिका चेयरमैन आशीष चक्रपाणि से बात की तो उन्होंने बताया कि नगरपालिका द्वारा जनता के लिए दो जगहों पर निःशुल्क पार्किंग की व्यवस्था की गई है। परंतु लोग अपने वाहन पार्किंग में खड़ा न करके सड़क किनारे व दुकानों के आगे खड़े कर देते है। जिससे शहर में अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है। हम लोगों से अपील करते हैं कि अपने वाहनों को नगरपालिका द्वारा निर्धारित की गई पार्किंग में ही खड़ा करे। हम पुलिस प्रशासन व उपमंडल अधिकारी से बातचीत करके इस समस्या का हल करेंगे।

### जाम की स्थिति को नियंत्रित करने की मांग

लोग जहां मन करता है वहीं गाड़ी खड़ी कर देते हैं। बस चालकों ने बताया कि बस स्टैंड के पास जाम लगने से अक्सर बसें लेट हो जाती हैं, जिससे यात्रियों को परेशानी होती है। दूसरी ओर पिहोवा शहर के मुख्य चौक पर ट्रैफिक सिग्नल (रेड लाइट) खराब होने के कारण रोजाना भीषण जाम की स्थिति बन जाती है। सुबह-शाम व बच्चो के स्कूली टाईम के समय हालात और भी खराब हो जाते हैं, जब चारों दिशाओं से आने वाले वाहनों की संख्या अचानक बढ़ जाती है। ऐसे में वाहन चालकों को लंबा इंतजार करना पड़ता है और आम लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोगो ने प्रशासन से मांग की है शहर में व मेन रोड पर जाम की स्थिति को नियंत्रण किया जाए। अगर समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो आने वाले दिनों में हालात और भी गंभीर हो सकते हैं।

## मशीनों से संवाद करने वाले कर्मयोगी थे ओपी जिंदल : राजेश

**स्टील मैन ओ.पी. जिंदल को दी श्रद्धांजलि**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के अग्रवाल वैश्य समाज ने महान उद्योगपति एवं समाजसेवी की 21वीं पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस अवसर पर अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा, महाराजा अग्रसेन शिक्षा सम्मान योजना (मैसी), अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन तथा अग्रोहा धाम वैश्य समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने स्मृति स्थल पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।श्रद्धांजलि सभा में अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा के प्रदेश महासचिव एवं अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश सिंगला ने कहा कि ओ.पी. जिंदल केवल एक सफल उद्योगपति ही नहीं, बल्कि सच्चे अर्थों में कर्मयोगी और समाजसेवी थे। उनका जीवन धार्मिक, सामाजिक और दानशील मूल्यों से परिपूर्ण था। उन्होंने कहा कि स्टील मैन ओपी जिंदल मशीनों से बात करने वाले अद्भुत व्यक्तित्व थे। उनका जीवन समाज के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है और सदैव रहेगा। अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा के कुरुक्षेत्र जिला प्रधान अशोक गर्ग एवं अग्रोहा वैश्य समाज के जिला प्रधान अशोक गुप्ता ने भी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि ओ.पी. जिंदल एक कुशल इंजीनियर, दूरदर्शी उद्योगपति और संघर्षशील व्यक्तित्व के प्रतीक थे। वे कार्यकतार्ओं का सम्मान करने वाले सच्चे जनसेवक थे, जिनका जीवन आज भी समाज को आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर समाजसेवी मंजू बाला सिंगला, संजीव गर्ग, विजय गर्ग, जंग बहादुर सिंगला, विनय गुप्ता, प्रमोद बंसल, अजय गुप्ता, सचिन सिंगला, निशी गुप्ता, विपिन गर्ग, सुमित गर्ग और योगेश गर्ग सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।




## विज्ञान अध्यापिका डॉ. गार्गी शर्मा का सम्मान समारोह आयोजित

**कुरुक्षेत्र।** गीता निकेतन आवासीय विद्यालय में विज्ञान विषय की वरिष्ठ अध्यापिका डॉ. गार्गी शर्मा के सेवानिवृत्ति अवसर पर भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। डॉ. गार्गी शर्मा ने अपने 32 वर्षों के दीर्घ सेवाकाल में समर्पण, निष्ठा एवं उत्कृष्ट शिक्षण कार्य के माध्यम से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इसके पश्चात प्राचार्य नारायण सिंह ने मंचासीन अतिथियों का परिचय कराया। विद्यालय अध्यक्ष डॉ. घनश्याम शर्मा एवं उपाध्यक्षा डॉ. ममता सचदेवा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं माल्यार्पण कर डॉ. गार्गी शर्मा का अभिनंदन किया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त आचार्यों, पर्यवेक्षकों एवं कर्मचारियों ने भी उनका सम्मान किया। अनुभव साझा करते हुए विभिन्न शिक्षकों ने डॉ. गार्गी शर्मा के सरल स्वभाव, अपनत्व भाव, मित्रवत व्यवहार तथा कुशल अध्यापन की सराहना की। उन्होंने कहा कि उनका व्यक्तित्व एवं कृतित्व सदैव शिक्षकों के लिए प्रेरणास्रोत बना रहेगा। प्राचार्य नारायण सिंह ने भी उनके कर्तव्यनिष्ठ एवं समर्पित कार्यशैली की प्रशंसा की। विद्यालय अध्यक्ष डॉ. घनश्याम शर्मा ने अपने संबोधन में डॉ. गार्गी शर्मा की बहुमुखी प्रतिभा को रेखांकित करते हुए भविष्य में भी विद्यालय के मार्गदर्शन हेतु उनके सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की।

## विनोद सिंगला 34 साल की सेवाएं देने के उपरांत हुए सेवानिवृत्त

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि एनआईसी के सीनियर डायरेक्टर विनोद कुमार सिंगला ने कुरुक्षेत्र के विकास और प्रचार प्रसार के लिए एक सराहनीय, उल्लेखनीय उत्कृष्ट सेवाएं दी है। इन सेवाओं की बदौलत देश विदेश के लोग अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के साथ जुड़े रहे और पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ अपनी ड्यूटी का निर्वहन किया। इन सेवाओं को जिला प्रशासन कभी भूला नहीं पाएगा। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा लघु सचिवालय के सभागार में एनआईसी विभाग की तरफ से आयोजित विदाई समारोह में बोल रहे थे। इससे पहले उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा, नगराधीश आशीष कुमार, केडीबी सीईओ पंकज सेतिया, कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मानद सचिव उपेन्द्र सिंघल, डीआईपीआरओ डा. नरेन्द्र सिंह, लेखा अधिकारी सत्य भूषण, एडआईओ भारती ने एनआईसी के सीनियर डायरेक्टर विनोद कुमार सिंगला को सेवानिवृति पर बधाई और शुभकामनाएं देने के साथ-साथ यादगारी के लिए एक स्मृति चिन्ह भी भेंट किया।



## बीआर इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में लिटरेचर फेस्टिवल का भव्य आयोजन

**कुरुक्षेत्र।** बी.आर. इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रमुख संरक्षक स्व. ज्ञानचंद चोपड़ा की स्मृति में लिटरेचर फेस्टिवल का भव्य आयोजन किया गया। यह दिन विद्यालय का स्थापना दिवस भी है। अतः इसे फांउडेशन डे के रूप में भी मनाया जाता है। इस अवसर पर सर्वप्रथम हवन, तत्पश्चात प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रबंधन समिति के चेयरमैन दीपक चोपड़ा ने सब मेहमानों का स्वागत किया। इस लिटरेचर फैस्टीवल में कई जाने माने लेखकों एवं कवियों के साथ उदीयमान लेखकों ने भी हिस्सा लिया। इस आयोजन को जिन लेखकों व कवियों ने सफल व यादगार बनाया उनमें तन्मय शर्मा, डॉ. अजय अग्रवाल, शालिनी शर्मा, नितिन सिंघल, लोकेश गुलयानी, प्रेरणा रोहिला, स्वाती त्यागी, प्रियांजलि रस्तोगी, डॉ. सुरभि अग्रवाल, अथर्व शर्मा, वैशाली अग्रवाल, आदित्य जैन, विदित अग्रवाल व जयंतिका कंबोज शामिल रहे। इस कार्यक्रम के दौरान डॉ. अजय अग्रवाल ने अपनी कविताओं के जरिए सार्थक संदेश दिया। शालिनी शर्मा एवं नितिज सिंघल ने अंक ज्योतिष एवं ज्योतिष के विषय में पूछे सभी प्रश्नों के संतोषजनक उत्तर दिये। लोकेश गुलयानी एवं डॉ. सुरभि अग्रवाल ने कहानी के माध्यम से श्रोताओं के मन तक पहुँच बनाई।

## महादेव पार्क में गूंजा 'नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की'

- श्रीमद्भागवत कथामृत में भक्ति का अनुपम दृश्य देखने को मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

महादेव पार्क, हुड्डा पार्ट-1 में चल रही 'श्रीमद्भागवत कथामृत में भक्ति का अनुपम दृश्य देखने को मिला। आज के पावन कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य यजमान श्रीमती निर्मल बंसल एवं श्री मोहन बंसल तथा श्रीमती अंजलि बंसल एवं श्री विनोद बंसल ने विधि-विधान से श्रीमद्भागवत पूजन और व्यास पीठ की आरती उतारकर की। अधर्म पर धर्म की विजय के प्रसंगः वृंदावन धाम से पधारे श्यामल दास ने चौथे दिन की कथा में गजेंद्र मोक्ष, समुद्र मंथन, बलि-वामन चरित्र और श्री राम कथा के प्रसंगों का सजीव वर्णन किया। उन्होंने बताया कि जब भक्त पूरी श्रद्धा से भगवान को पुकारता है, तो प्रभु स्वयं उसकी रक्षा के लिए दौड़े चले आते हैं। वामन अवतार के प्रसंग से उन्होंने दान की महत्ता और सादगी का संदेश दिया। नंदोत्सव की धूम और सैकड़ों भक्तों का नृत्यः कथा का मुख्य आकर्षण श्रीकृष्ण जन्म रहा। जैसे ही भगवान का प्राकट्य हुआ, पूरा पांडाल /"नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की/" के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। भजनों की मधुर धुन पर श्रद्धालुओं ने भाव-विभोर होकर जमकर नृत्य किया। भगवान के जन्म की खुशी में खिलौनों, टॉफियों और माखन-मिश्री की वर्षा की गई।



**उपलब्धि** हरियाणा स्टेट हेल्थ रिसोर्स सेंटर ने कायाकल्प अवॉर्ड की सूची की जारी

# कुरुक्षेत्र जिले की पीएचसी बाबैन अपनी श्रेणी में रही प्रथम उप-विजेता : डॉ.गुरप्रीत सिंह

*स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार का असर, अधिकारियों के मार्गदर्शन को मिला श्रेय*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा स्टेट हेल्थ रिसोर्स सेंटर ने कायाकल्प अवार्ड की सूची जारी कर दी है। इसमें मुख्यमंत्री के विधानसभा क्षेत्र लाडवा उपमंडल के प्राथमिक चिकित्सा केंद्र,बाबैन को उसकी श्रेणी में प्रथम उप-विजेता घोषित कर उसे 10 लाख रुपए का पुरस्कार दिया गया है। इसके अलावा लोकनायक जयप्रकाश जिला नागरिक अस्पताल को प्रमाण पत्र के साथ तीन लाख रुपये अवार्ड की घोषणा की गई है। कायाकल्प की परीक्षा में जिले के 90 उपकेंद्रों ने भाग लिया था, जिसमें से 79 उपकेंद्र ने परीक्षा पास की है। यह जानकारी देते हुए जिला नागरिक अस्पताल के प्रशासक डा. गुरप्रीत सिंह ने कहा कि इस उपलब्धि की प्रेरणा सिविल सर्जन डा. सुखबीर सिंह का मार्गदर्शन है। जिला नागरिक अस्पताल ने कायाकल्प की परीक्षा पास करने के साथ-साथ अपने पिछले रिकार्ड को भी बनाए रखा। उन्होंने बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र( पीएचसी) डीग ने दो लाख रुपये जीते। रैंक एक पर पीएचसी डीग दो लाख रुपये अवार्ड, पिपली, इस्माईलाबाद, स्याना सैयदां, किरमिच, टाटका, रामगढ़ रोड, खानपुर कोलियां, कलसाना, अमीन, ठसका मीरांजी, धुराला, गुढ़ा को प्रशस्ति पत्र के साथ 50-50 हजार रुपये अवार्ड की भी घोषणा की गई है। डॉ. गुरप्रीत के मुताबिक पिहोवा उप-मंडल के आयुष्मान आरोग्य केंद्र,संघौर ने रैंक एक प्राप्त करके एक लाख रुपये का अवार्ड अपना नाम किया है और प्रथम उप-विजेता के तौर पर मोहड़ी केंद्र को 50 हजार, द्वितीय उपविजेता खरींडवा केंद्र को 35 हजार रुपये के अवार्ड की घोषणा की गई है। वहीं भगवानपुर, सुलतानपुर, धीरपुर, बहादुरपुरा कला, वसंतपुर, हथीरा, सुनहेड़ी, कमोदा, खानपुर जाटान, रावा, बारना, थाना, उमरी, दयालपुर, बीड़ मथाना, जलबेहड़ा, जखवाला, सौंटी, सूढ़पुर, कोल्हापुर, खेड़ी रामनगर, मिजार्पुर, दबखेड़ी, सिरसमा, ज्योतिसर, लखमड़ी, लंडी, मंगौली जाटाना, बगथला, पिंडारसी, शांतिनगर कुरड़ी, भोकर माजरा,संधौली, भट्ट माजरा सहित सभी केंद्रों को 25-25 हजार रुपये अवार्ड की घोषणा की है।



### विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों को पुरस्कार मिल रहे

गौरतलब है कि डॉ.गुरप्रीत सिंह को हरियाणा सरकार द्वारा पूरे देश में पहले रैंक पर आए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली में अस्पताल प्रशासन में स्नातकोत्तर(एम.डी.) अध्ययन के लिए भेजा गया था। उन्होंने वहां भारत के जाने-माने अस्पताल प्रशासन विषय के विशेषज्ञ एवं संस्थान के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. देवेंद्र कुमार शर्मा के निर्देशन में गहन शोध उपरांत एमडी की उपाधि प्राप्त की। उनके अनुभव और सजग प्रयासों से ही लोकनायक जयप्रकाश जिला नागरिक अस्पताल एवं जिला की विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों को लगातार पुरस्कार मिल रहे हैं और स्वास्थ्य सेवा में आमूल-चूल परिवर्तन हुए हैं, जिसे जनता को बहुत लाभ हुआ है। अस्पताल के तत्कालीन चिकित्सा अधीक्षक डॉ. शैलेंद्र ममगाई शैली एवं डॉ.गुरप्रीत सिंह ने संयुक्त रूप से कोरोना को नियंत्रित करने में योगदान दिया;जिसकी जिला प्रशासन ने भी सराहना की थी।



## सत्संग ही मनुष्य को करता है सही जीवन जीने की दिशा प्रदानः स्वामी ज्ञानानंद

**पिहोवा।** गत रात्रि श्रीकृष्ण कृपा मंदिर में एक दिव्य एवं आध्यात्मिक आयोजन का आयोजन हुआ, जिसमें महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज पधारे। वे तेजेंद्र वालिया के पुत्र अश्मित वालिया एवं स्नेहा वालिया के विवाहोपरांत नवदंपति को आशीर्वाद देने पहुंचे। इस अवसर पर महाराज ने अपने ओजस्वी प्रवचनों की अमृत वर्षा करते हुए नवदंपति सहित उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को जीवन मूल्यों का गहन संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सत्संग ही वह आधार है, जो मनुष्य को सही जीवन जीने की दिशा प्रदान करता है। गृहस्थ जीवन में परस्पर प्रेम, सद्भाव और संतुलन अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर लक्की वालिया, देवेंद्र वालिया, शिवचरण बहल, प्रेमपाल पुरी, राजकुमार गोस्वामी, मनोहर लाल शर्मा, डॉ. जसवीर सिंह, डॉ. अवनीत वड़ैच, डॉ. सुदर्शन चुघ, डॉ. ए.के. तिवारी, मनोज खरबंदा, दीपक बवेजा, राजू सचदेवा, विपिन काहड़ा, सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

